दिन– बुधवार	दिनांक– 07 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।	अवधि – 05 मिनट

---

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर पच्चीस मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी गई। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है। श्री मिसरी ने कहा कि रेजिस्टेंस फ्रंट नामक समूह ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली है और यह समूह लश्कर–ए–तैयबा से जुड़ा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई की सटीकता और लक्षित स्थलों के आतंकी गतिविधियों से संबंधों को उजागर करने के लिए ऑडियो और वीडियो इनपुट के साथ एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की सराहना की है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में श्री मोदी ने कैबिनेट मंत्रियों को इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए कहा कि यह देश के लिए गर्व का पल है। प्रधानमंत्री ने सफल ऑपरेशन के लिए कैबिनेट मंत्रियों को बधाई दी।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए निर्दोष पर्यटकों के लिए सशस्त्र बलों का बदला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि भारतीय सेना ने एक बार फिर अपनी क्षमताओं से यह साबित किया कि वे देश की सुरक्षा पर नजर रखने वाले आतंकवादी और अलगाववादी ताकतों को ध्वस्त कर सकते हैं।

————————————————————————

प्रदेश के छह जिलों पटना, बेगूसराय, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार में आज शाम सात बजे से सात बजकर दस मिनट तक नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद कर दी जाएगी। इस अवधि में लोगों से किसी प्रकार की रौशनी का उपयोग नहीं करने की अपील की गई है। बिजली कटने से पहले शाम छह बजकर अट्ठावन मिनट पर सायरन बजाया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान सड़कों पर चलने वाली गाड़ियों को भी वहीं रोक देने की अपील की गई है। इस अवधि में एम्बुलेंस और फायर बिग्रेड जैसी आवश्यक सेवाओं को छूट रहेगी।

————————————————————————

समस्तीपुर के काशीपुर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखा में अपराधियों ने बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधियों ने लगभग पांच करोड़ रूपये मूल्य का सोना और पंद्रह लाख रूपए लूट लिए। नौ की संख्या में आये अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छह स्वर्ण पदक समेत बाईस पदकों के साथ महाराष्ट्र पदक तालिका में पहले स्थान पर है। वहीं, राजस्थान की टीम छह स्वर्ण के साथ दूसरे और कर्नाटक पांच स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर है। बिहार की टीम तीन पदकों के साथ पदक तालिका में अठारहवें स्थान पर है।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।